

*बालोद। नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने श्री कृष्ण व राधा की वेशभूषा में गाड़ियों पर बैठकर नगर का भ्रमण किया। राधा कृष्णा की वेशभूषा में सजे बच्चों की सुंदरता देखते ही बन रही थी। मार्ग से गुजरने वाले लोग रूककर रैली को देख लेना चाह रहा था।*


# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 27 अगस्त 2024

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



14 जिपं सभाकक्ष में देखा गया लखपति दीदी सम्मान समारोह ...





12 अधिवक्ता विष्णु शंकर ने कहा-ज्ञानवापी ...




# सुविधाओं की मांग को लेकर लामबंद हुए दल्लीराजहरावासी, आज नगर बंद का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा में जारी संघर्ष और आंदोलन की स्थिति ने एक महत्वपूर्ण मोड़ ले लिया है। अब, व्यापारी संघ भी इस आंदोलन की राह पर चल पड़ा है और 27 अगस्त से दल्लीराजहरा नगर के विकास के लिए एक व्यापक आंदोलन शुरू किया जा रहा है।


आंदोलन में व्यापारी संघ के अलावा विभिन्न समाज के लोग, जनप्रतिनिधि और अन्य वर्ग भी शामिल हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और खुफिया विभाग भी इस स्थिति को गंभीरता से ले रहे हैं, क्योंकि दल्लीराजहरा में पहले भी इस तरह के आंदोलन हुए हैं, जिनमें सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों दोनों को जनता के रोष का सामना करना पड़ा है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि यह आंदोलन किस दिशा में आगे बढ़ता है और क्या यह दल्लीराजहरा के निवासियों की मांगों को पूरा करने में सफल होता है। फिलहाल, आंदोलनकारियों ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं, और अब जिला प्रशासन को इस स्थिति का समाधान निकालना होगा।

**आंदोलनकारियों ने कहा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान :** आंदोलनकारियों का कहना है कि दल्लीराजहरा लौह अयस्क खदानों और इससे जुड़ी समृद्धि के बावजूद, अब गंभीर समस्याओं का सामना कर रहा है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

## नागरिकों ने प्रशासन पर लगाया समस्याओं का समाधान नहीं करने का आरोप







### बार-बार आवेदन के बाद भी नहीं मिली सुविधाएं

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों तथा सामाजिक संगठनों का दावा है कि जिला प्रशासन को बार-बार आवेदन, ज्ञापन, और व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से अपनी मांगें प्रस्तुत कीं। इन प्रयासों का उद्देश्य प्रशासन को शहर के विकास और आवश्यक सुविधाओं के सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरित करना था। हालांकि, जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने कहा है कि वे हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं और भविष्य में भी रहेंगे। उन्होंने बीएसपी के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें दल्लीराजहरा और इसके 15 किलोमीटर के दायरे में मूलभूत सुविधाओं के लिए काम करने का निर्देश दिया है। प्रशासन ने यह भी दावा किया कि उन्होंने आंदोलनकारियों को भी सकारात्मक चर्चा के लिए बुलाया था, लेकिन स्थानीय लोग बैठक में शामिल नहीं हुए।

### कई बार हुए आंदोलन नहीं निकला ठोस परिणाम

शहर के लोग कई बार अपनी मांगों को लेकर आंदोलन और हड़ताल कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है। 27 अगस्त से व्यापारी संघ के नेतृत्व में एक और आंदोलन शुरू होने वाला है, जिसमें समस्त व्यापारी, सामाजिक संगठन, यूनियन, और ग्राम पंचायतों के सरपंच अपनी 8 सूत्रीय मांगों को पूरा करने के लिए शामिल होंगे। आंदोलनकारियों का कहना है कि ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### दीवार उठाने को लेकर विवाद, मौत

**भिलाई।** विवाद के बाद एक युवक की तबियत बिगड़ गई। जिसे उपचार के बाद अस्पताल में दाखिल कराया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम खपरी में 9 अगस्त को फकीरा प्रसाद शुक्ला दीवार खड़ी कर रहा था। इस दौरान भगत पटेल ने दीवाल को बनाने से उसे मना किया। भगत ने दीवार को पैर से मार कर गिरा दिया। इसकी जानकारी फकीरा को होने पर तुरंत गोठान पहुचा। जहां भगत पहले से खडा था उसे थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद भगत पटेल ने भी फकीरा प्रसाद शुक्ला को गाली गलौच किया। दोनों के मध्य विवाद को देख ग्रामीणों ने दोनों को समझाइश देकर घर भेज दिया। कुछ देर बाद शाम को फकीरा प्रसाद शुक्ला फिर से भगत पटेल के घर पहुचा। विवाद के बाद भगत का बेटा ईश्वर पटेल ने फकीरा प्रसाद शुक्ला को उसके घर छोड़ दिया। 9 अगस्त की रात अचानक फकीरा की तबियत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया। जहां देर रात फकीरा ने दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी के मकान से चोरी

**भिलाई।** सेवानिवृत्त कर्मी के मकान का ताला तोड़कर नगदी और जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया है कि सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी बोरसी दुर्ग निवासी पिताम्बर देवांगन 6 अगस्त की सुबह मकान में ताला जड़कर परिवार समेत तेलंगाना गया हुआ था। 22 अगस्त की शाम घर पहुचने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। मकान से अज्ञात ने आलमारी में रखे चांदी के जेवरात समेत नगदी रकम 5 हजार गायब मिला। पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाल रही है।

### तेज रफ्तार स्कार्पियो पेड़ से टकराई, चालक व सवार युवक की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियों अनियंत्रित होकर पेड टकरा गई। हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रुप से घायल है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। थाना पाटन टीआई अनिल साहू ने बताया कि घटना ग्राम अरसनारा चौक के पास की है। स्कार्पियो सीजी 7 सीएस 3777 के चालक ने तेज रफ्तार से पाटन से दुर्ग की ओर जा रहे थे। इस दौरान स्कार्पियों वाहन की रफ्तार काफी तेज थी अनियंत्रित हो गई। चालक उतई निवासी कृष्ण कुमार राठौर चला रहा था। खुर्सीपार जोन 1 निवासी विमल कुमार, जोन 3 सड़क 13 भीमलाल नाग, सेक्टर 2 गौरी शंकर ठाकुर सवार थे। उक्त लोग वाहन में सवार होकर अमलेश्वर से घर लौट रहे थे। तभी वाहन अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई। हादसे में चालक कृष्ण कुमार और विमल कुमार की मौत हो गई। वहीं भीमलाल, गौरीशंकर घायल है। पाटन पुलिस तुरंत पहुंची और घायलों को तुरंत उपचार के लिए भेज दिया। मृतकों के शव को मरचूरी पीएम के लिए भेजा गया।

## शनिवार को कुछ लोगों का स्वास्थ्य हुआ था खराब, सोमवार को बढ़े मरीज

# कुसुमकसा में 34 हुई डायरिया पीड़ितों की संख्या, स्वास्थ्य विभाग ने गांव में डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम कुसुमकसा के क्रांति चौक के आसपास डायरिया ने अपना पांव पंसारना चालू कर दिया है। डायरिया से पीड़ित सात ग्रामीण राजहरा के निजी अस्पतालों में भर्ती होकर उपचार करा रहे हैं। 26 अगस्त को सरपंच शिवराम सिंद्रामे ने स्वास्थ्य विभाग को क्रांति चौक पिस्दा पारा में उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ने की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग को जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य अमला क्रांति चौक के आसपास के 27 घरों में उल्टी दस्त से पीड़ित ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गईं। वहीं, चार ग्रामीणों को उचित उपचार के लिए चिखलाकसा, दल्लीराजहरा व बालोद रिफर किया गया है। डायरिया की चपेट में आने वाले ग्रामीणों की संख्या बढ़ती देख डोंडी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी विजय ठाकुर के निर्देश पर अटल समरसता भवन में तीन दिवसीय अस्थाई स्वास्थ्य कैंप लगाया गया है, जिसमे 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध रहेगी।

■ गांव में घर-घर जाकर की जा रही स्वास्थ्य जांच

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 24 अगस्त से कुछ लोगों को उल्टी दस्त होने लगी, तो ग्रामीण मौसम के ठंडा गरम होने का समझकर अपना उपचार कराने लगे। पीड़ितों की संख्या बढ़ने लगी। सीताराम पिस्दा, रजनी बाई चुरेंद्र, मीना पिस्दा (9वर्ष) ,रोहिदास /लतखोर, सहित अन्य ग्रामीण उल्टी दस्त से पीड़ित उचित उपचार के लिए दल्लीराजहरा के निजी चिकित्सालय में भर्ती हैं। सोमवार को सुबह पीड़ितों की संख्या बढ़ने पर स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी गई। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग का अमला गांव पहुंचा और पीड़ित 27 परिवारों के घरों में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्षण में 34 महिला-पुरूष व बच्चों को उक्त बीमारी से ग्रस्त पाए गए। उनमें से कविता/ जितेंद्र(27वर्ष),महक पिता हूमनलाल (16वर्ष), खिलेश्वरी पति हुमनलाल (40वर्ष),देवारिन बाई (50वर्ष), संगीता (28वर्ष) को उचित उपचार के लिए चिखलाकसा व दल्लीराजहरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुसुमकसा में संचालित समस्त बोर व हैंडपंप का पानी का सैंपल जांच के लिए गया हुआ है जांच रिपोर्ट आने के बाद ही डायरिया फैलने के कारण का पता चल पाएगा।





**बोर के पास पाइप क्षतिग्रस्त :** गौरतलब है कि ग्राम पंचायत कुसुमकसा के नल जल योजना के तहत जिस बोर से पाइप लाइन के माध्यम से पानी टंकी भरी जा रही है। बोर के पास ही पाइप लाइन क्षतिग्रस्त है, जिसमें पानी भरते समय पाइप लाइन से पानी बाहर निकल रहा है और वही पानी वापस मिट्टी कीटाणु के साथ पाइप लाइन में जा रहा है। वहीं, नलजल योजना की पुरानी पानी टंकी की सफाई लगभग दो वर्षों से नहीं होने से ग्रामीणों के घरों में लगे उक्त योजना की पाइप लाइन व सार्वजनिक नलों में पानी गंदा के साथ कीड़े निकल रहे हैं। इसके लेकर ग्राम पंचायत में इसकी शिकायत ग्रामीणों ने की, किंतु पानी टंकी जर्जर होने तथा टंकी के ऊपर जाने वाली सीढ़ी टूट जाने के कारण पंचायत प्रतिनिधि दवाई भी नहीं डाल पा रहे हैं।

### दी जा रही दवा, पानी उबालकर पीने की सलाह

विकासखंड चिकित्सा अधिकारी विजय ठाकुर ने बताया कि सोमवार को सुबह कुसुमकसा के क्रांति चौक के आसपास ग्रामीणों में उल्टी दस्त होने की जानकारी मिली। उसके बाद स्वास्थ्य अमले ने प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर पीड़ित परिवारों सहित 27घरों में उल्टी दस्त की दवाइयां वितरित किया। अटल समरसता भवन में अस्थाई तीन दिवसीय स्वास्थ्य कैंप लगाया गया है, जिसमें स्वास्थ विभाग के कर्मचारी सेवा दे रहे हैं। श्री ठाकुर ने ग्रामीणों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी है। स्वास्थ्य शिविर में शिवराम सिंदरामे सरपंच सहित स्वास्थ्य विभाग के डा जेपी चुनारकर, गोपीचंद, निर्मला साहू (सुपरवाइजर), आरआर ठाकुर, पुष्पा सपाटे, तामेश्वर भुवार्य, योगिता साहू, लोकेश्वरी ,किरण राणा, ऋषी साहू सहित मितानिन अमृता बाई, सरस्वती, रूपा सिन्हा, पदमा ध्रुवे, द्रोपदी बाई, कुलेश्वरी धुर्वे गिरजा बाई सहित निर्मला शुक्ला व रेशमा खान उपस्थित थे।

# साथ बैठकर पी शराब, पत्नी पर गलत नजर डाली तो चाकू से गोदा



हरिभूमि न्यूज. बालोद/ डौंडीलोहारा/देवरीबंगला

पत्नी पर गलत नजर रखने का आरोप लगाते हुए पोस्टमैन ने सरपंच को ऐसी सजा दी कि गांव वालों के होश उड़ गए। घटना से गांव में जहां सनसनी फैल गई, तो वहीं जिले में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन सरपंच की हत्या की चर्चा दिन भर होती रही।

■ पोस्टमैन ने की सरपंच की हत्या

मिली जानकारी के अनुसार जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम खेरथाबाजार में सोमवार को सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गांव में रहने वाले पोस्टमैन के घर सरपंच की खून से लथपथ लाश मिली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव के पोस्टमैन रामजी प्रजापति और गांव के सरपंच विक्रम सिन्हा ने रविवार की देर रात आरोपी रामजी प्रजापति के घर बैठकर शराब पी। आरोप है कि इस दौरान सरपंच विक्रम ने आरोपी की पत्नी के बारे में गलत बाते करनी शुरू कर दी। इस बात पर आरोपी रामजी प्रजापति गुस्सा हो गया। वहीं, इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पोस्टमैन रामजी प्रजापति ने सरपंच विक्रम सिन्हा की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार हत्या के बाद आरोपी उसी के बगल में रात भर सोया रहा। सुबह आरोपी ▶▶| शेष पेज 13 पर



आरोपी



मृतक

### पुलिस कर रही जांच

संजारी चौकी प्रभारी अरविंद साहू ने बताया कि हत्या की वारदात हुई है। तफ्तीश चल रही है। पंचनामा की कार्रवाई की गई है। आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं, ग्राम के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। बताया जाता है कि विक्रम सिन्हा खेरथा बाजार का सरपंच था, जिसने पहली बार चुनाव लड़कर जीतकर सरपंच बना था।

# जिम्मेदारों की उदासीनता से परेशान ग्रामीणों ने उठाया सफाई का बीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

जिला एवं ब्लॉक प्रशासन की उदासीनता और अनदेखी के कारण वनांचल क्षेत्र की ग्राम पंचायत चिहरो में जय मां सरस्वती सहायता समूह की सदस्यों ने श्रमदान कर गांव में साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चला ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया।

■ चिहरो में जय मां सरस्वती सहायता समूह की सदस्यों ने की सफाई

गोंडवाना समाज आमाडुला सर्किल के पदाधिकारी तुलेश्वर हिचामी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की लापरवाही के चलते जिले में डेंगू और स्वाइन फ्लू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गंभीर बीमारियों के खतरों को देखते हुए गांव के जय मां सरस्वती सहायता समूह की सदस्यों के द्वारा पंचायत कार्यालय, स्कूल, आंगनबाड़ी, चौक चौराहा सहित गलियों में साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चला गलियों में कीचड़ और पानी को जमा होने से रोकथाम कर गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ▶▶| शेष पेज 13 पर



### जिम्मेदारों की लापरवाही से ग्रामीणों में भारी रोष

समूह की महिलाओं ने बताया कि हर तरफ डेंगू और स्वाइन फ्लू जैसी बीमारियों के फैलने की बात सुनकर हम सभी बहुत चिंतित हैं। वहीं, स्वास्थ्य विभाग सहित पंचायत द्वारा कोई उपाय नहीं किए जाने के कारण हम लोगों ने स्वयं गांव में साफ सफाई करने का बीड़ा उठाया। इसके साथ ही बीमारियों से बचने के लिए लोगों को अपने आस-पास साफ-सफाई रखने की अपील भी की है। उन्होंने कहा कि कीचड़ और गंदगी से निजात दिलाने, साफ पीने के पानी, अच्छी स्वास्थ्य सेवा, अच्छे स्कूलों के अलावा हमें कुछ नहीं चाहिए।

## अलोरी के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक भैयाराम से की भेंट, बताई समस्या...



**गुरूर।** ग्राम पंचायत करेंझर के आश्रित ग्राम अलोरी के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा से भेंट की। इस दौरान समस्याओं से अवगत कराया। सभी बातों को सुनकर पूर्व विधायक ने मांगों को जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने ग्राम अलोरी में पूर्व विधायक से मिलकर शीतला माता व देव गुड़ी नवनिर्माण, प्राथमिक शाला भवन नवनिर्माण, आदिवासी गोंडवाना भवन नवनिर्माण की मांग की।

## गणेशोत्सव की तैयारियों में जुटीं समितियां, मूर्तिकारों को फुर्सत नहीं



# आकार लेने लगीं विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आगामी 11 दिनों बाद 11 दिनों के लिए भगवान गणेश की प्रतिमाएं घरों व पंडालों में विराजमान होंगी। आगामी 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी का पर्व है। 11 दिनों तक भगवान गणेश की प्रतिमाएं घरों में व सार्वजनिक स्थानों में पंडालों के नीचे विराजमान होंगे।

गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर जहां अंचल में बच्चों से लेकर युवाओं में खास उत्साह देखा जा रहा है तो वहीं मूर्तिकार भी भगवान श्री गणेश की छोटी-बड़ी खूबसूरत प्रतिमाओं को आकार देने में व्यस्त हैं। जिला मुख्यालय में जगह-जगह अभी से तैयारियां शुरु कर दी गई हैं और पंडाल सजाने का काम युद्धस्तर पर जारी है। काली मिट्टी से भगवान गणेश की मूर्ति बनाने का चलन धीरे–धीरे बढ़ता जा रहा है।

यह एक पर्यावरण अनुकूल विकल्प है, क्योंकि काली मिट्टी की मूर्तियां पानी में आसानी से घुल जाती है। मूर्तियों की मांग बढ़ी है, जिससे प्रदूषण कम होता है। इसके अलावा, यह परंपरा से जुड़ा होने के के कारण भी लोगों में आकर्षण बढ़ रहा है। मूर्तिकार काली मिट्टी का उपयोग कर अधिक से अधिक गणेश की मूर्तियों का निर्माण कर रहे हैं, ताकि यह पर्यावरण के साथ–साथ धार्मिक भावनाओं का भी सम्मान हो।

### विभिन्न आकार व स्वरूप में बनाई जा रही हैं मूर्तियां

उल्लेखनीय है कि इस त्योहार के लिए मूर्तियों की बड़ी मांग रहती है। कलाकार इन मूर्तियों को विभिन्न आकारों, डिजाइनों और रंगों से तैयार कर रहे हैं। इस समय बाजार में मिट्टी और इको– फ्रेंडली सामग्री से बनी मूर्तियों की बहुत मांग होती है। लोग गणेश चतुर्थी पर घरों और पंडालों में स्थापित की जाने वाली मूर्तियों को लेकर बहुत उत्साहित होते हैं इसलिए पहले से ही मूर्तियां बुक करा रहे हैं। गणेशोत्सव के दौरान हर जगह उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहेगा।

### दो एटीएम में तोड़-फोड़ तीन लोग गिरफ्तार

**भिलाई।** पीएनबी बैंक और हिटाची एटीएम में तोड़फोड़ करने वाले दो युवक और दो अपचारी बालको को पुलिस ने पकड़ा है।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 324(5),62,3(5), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि नेवई भाठा उमरपोटी मार्ग में स्थित हिटाची कंपनी का एटीएम मशीन में आसामिजक तत्वों द्वारा चोरी कर तोडफोड किया था। इस दौरान पुलिस ने सीसी कैमरों को खंगालने पर तीन युवकों द्वारा घटना को अंजाम देना दिख रहा था। नेवई टीआई आनंद शुक्ला और उतई टीआई विपिन रंगारी अपने अपने थाना के बल के साथ मौके पर पहुचे। इस दौरान संदेही युवकों में बालाजी नगर गांधी विद्यालय खुर्सीपार निवासी एस वंशी राव और वार्ड 34 केनाल रोड उडिया मोहल्ला दीशु जगत, दो अपचारी बालको को पकड़ा गया। पुलिस पुछताछ में आरोपियों ने बताया कि दो दोस्तों के साथ चोरी करना स्वीकार किया।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

# अधिवक्ता विष्णु शंकर ने कहा- ज्ञानवापी की लड़ाई हम सारे लोगों की आत्मा से जुड़ी लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के पूर्व संघचालक स्व. कुंदन लाल जैन की स्मृति में राजधानी रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज सभागार में स्मृति विचारमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्र गौरव का पुनर्जागरण विषय पर जैन समाज के गुरु पावन निश्रा विराग मुनिश्री, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रिसद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रिसद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा, ज्ञानवापी की लड़ाई हम सारे लोगों की आत्मा से जुड़ी लड़ाई है।

जैन समाज के गुरु विराग मुनिश्री ने कहा, महावीर स्वामी ने अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताया। उनके बताए अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (अस्तेय), ब्रह्मचर्य जैसे पंचशील के सिद्धांत यदि आज विश्व अपना ले तो कहीं कोई समस्या नहीं रहेगी, लेकिन आज विकट समय आ गया है। उन्होंने ब्रिटिशकाल की कुछ घटनाओं का उदाहरण दिया।

कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रिसद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा, ज्ञानवापी का केस 2019-20 में हमने फाइल किया, मुझे और हमारी टीम ने अनुभव किया कि इस बीच बहुत महत्वपूर्ण और आध्यात्मिक घटनाएं हुई हैं। श्रीराम मंदिर केस में सुप्रीम कोर्ट ने लिखित रूप से कहा, मंदिर के टूट जाने के भगवान का अस्तित्व खत्म नहीं हो जाता है। हम भी यही कहते हैं कि वन्स अ टेम्पल ऑलवेज अ टेम्पल। श्रीराम मंदिर में एएसआई की जो रिपोर्ट आई थी, उससे मजबूत रिपोर्ट ज्ञानवापी को लेकर एएसआई ने दी है ज्ञानवापी की लड़ाई हम सारे लोगों की आत्मा से जुड़ी लड़ाई है। बारह ज्योतिर्लिंग में से पांच ज्योतिर्लिंग स्वयंभू हैं और उन पांच ज्योतिर्लिंग में से जो सबसे पहला ज्योतिर्लिंग है, वो आदि विश्वेश्वर का ज्योतिर्लिंग है, जो आज वहां पर स्थापित है, जिसे फाउंटेन बताने की कोशिश की जा रही है। सारी लीगल रिसर्च की गई, मुकदमा फाइल किया गया, एडवोकेट कमीशन का आर्डर हुआ, जिसे हमने जीता, इलाहाबाद से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक। एडवोकेट कमीशन हुआ तो वहां शिवलिंग प्राप्त हुआ। इसके बाद आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के सर्वेक्षण की हमने मांग की, वो लड़ाई लोअर कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक तीन-तीन चरणों में लड़ी गई, जिसे हमने जीता। 90 दिन का एएसआई का सर्वे हुआ। जिसमें पता चला कि यह स्थल पहले मंदिर था और राम मंदिर के पक्ष में उस समय जो एएसआई ने रिपोर्ट दी थी, उससे ज्यादा पुख्ता रिपोर्ट और सबूत उन्होंने ज्ञानवापी पर दी, जो हमारे केस को बहुत मजबूत बनाती है। उन्होंने विस्तार ने ज्ञानवापी पर पूरी जानकारी रखी।

## विचारमाला में प्रमुख वक्ता, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रिसद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन हुए शामिल




### सबको साथ लेकर चले कुंदनजी : सक्सेना

कार्यक्रम की प्रस्तावना क्षेत्रीय संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने रखी। श्री सक्सेना ने कहा, स्व. कुंदन लाल जैन ने विचारशील जीवन जिया है। सबको साथ लेकर चलना उनके चरित्र की महानता रही, उनका प्रयास रहा कि सभी एकजुट होकर समाज और देश के हित में कार्य करते रहें। कार्यक्रम का संचालन नंदन जैन एवं आभार प्रदर्शन चंदन जैन ने किया।

## खबर संक्षेप

### पीएम विश्वकर्मा योजना के पहलुओं से कराया अवगत

**रायपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डू रायपुर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत लाभार्थियों एवं विभिन्न बैंकों से आए अधिकारियों के लिए राज्य स्तरीय बैंक समिट (एसएलबीसी) द्वारा कार्यशाला हुई। इस अवसर पर सरस्वती पूजन और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में संस्था के प्राचार्य मेजर नरेंद्र उपाध्याय ने प्रशिक्षार्थियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया एवं अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए सभी को प्रेरित किया। कार्यशाला में एमके सिंह एजीएमएसएलबीसी, शम्मी झा रीजनल डायरेक्टर आरडीएसडीई, मोहम्मद युसूफ स्टेट हेड एनएसडीसी, शिव राठौर डिप्टी डायरेक्टर डायरेक्टरेट ऑफ इंडस्ट्रीज और एसबीआई तथा अन्य बैंकों से आए अधिकारियों ने विस्तृत चर्चा की। इस दौरान हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यशाला में संस्था के सभी प्रशिक्षण अधिकारी उपस्थित रहे।

### देश में महिला सुरक्षा गारंटी कानून जरूरी

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने पश्चिम बंगाल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप के बाद हत्या की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, रेप के बाद हत्याकांड ने देश को फिर से एक बार फिर से हिलाकर रख दिया है। देशभर में लोग इस घटना का विरोध कर रहे हैं। पीड़िता के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं, जैसे देश को एक बार फिर से 2012 की दिल्ली निर्भया कांड की याद दिला दी। पश्चिम बंगाल की इस घटना के बाद भी उत्तराखंड, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, लुधियाना, आंध्रप्रदेश, सोनभद्र, सिलीगुड़ी, भोपाल आदि में दस दिनों में अनेक महिलाओं, नाबालिग और एक 65 वर्षीय बुजुर्ग के साथ भी रेप का मामला सामने आया है, जो अत्यंत शर्मिंदगी भरा है। उन्होंने कहा, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अब और भी अधिक कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। कठोर कानून बनाने की आवश्यकता है, महिला सुरक्षा गारंटी कानून बनाना जरूरी है।

### तेज होगा युक्तियुक्तकरण का विरोध, आज नोटिस 16 सितंबर को हड़ताल

**रायपुर।** युक्तियुक्तकरण को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की बड़ी रणनीति तैयार हो गई है। 27 अगस्त को मुख्य सचिव को शिक्षक संगठन हड़ताल का नोटिस देने जा रहा है। वहीं 16 सितंबर को राजधानी में एक दिवसीय हड़ताल होगी। इसकी घोषणा कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने की है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री से भी इस संबंध में बातचीत की जाएगी, लेकिन आंदोलन अपने स्तर पर जारी रहेगा। इससे पहले युक्तियुक्तकरण को लेकर शनिवार को कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की बैठक हुई। 4 घंटे चली मैराथन बैठक में 2 दर्जन से ज्यादा शिक्षक संगठनों के प्रांताध्यक्ष व पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में युक्तियुक्तकरण के मुद्दे को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान कई शिक्षक संगठनों की ओर से अलग-अलग मुद्दों पर अपनी बातें रखी गईं। फेडरेशन ने सभी शिक्षक संगठनों से कहा है कि किसी भी आंदोलन में आगे बढ़ने से पहले शिक्षकों और शिक्षक संगठनों में आपसी सहमति जरूरी है।

## ठाकरे परिसर में सदस्यता अभियान वाररूम का नितिन नवीन ने किया उद्घाटन

# मोदी अब 2 सितंबर को बनेंगे पहले सदस्य, 3 को साय लेंगे सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा का देशभर में सदस्यता अभियान 1 के बजाय 2 सितंबर से प्रारंभ होगा। सबसे पहले 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले सदस्य बनेंगे। इसके बाद राज्यों में 3 सितंबर से अभियान चलाया जाएगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अब 3 सितंबर को सदस्यता लेंगे। इसके बाद जिला, मंडल और 6 सितंबर से प्रदेश भाजपा संगठन बूथों में पूरी ताकत झोंकेगा। सांसदों को जहां 20-20 हजार और विधायकों को 10-10 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है, वहीं प्रदेशभर में 50 लाख से ज्यादा सदस्य बनाए जाने हैं। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सदस्यता अभियान वाररूम का उद्घाटन किया।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में नए सिरे से सदस्यता अभियान चलाने का फैसला किया है। भाजपा के पुराने 18 लाख सदस्यों की सदस्यता रद्द हो चुकी है। अब सबको फिर से सदस्य बनाया जाएगा। ठाकरे परिसर में वाररूम का उद्घाटन करने के बाद

नितिन नवीन ने बताया, सदस्यता अभियान की शुरुआत 2 सितंबर से होगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पहले सदस्य बनेंगे। इसके बाद पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ता सदस्य बनेंगे और पुराने सदस्य भी सदस्य बनेंगे, साथ ही नए लोगों को जोड़ने का अभियान चलेगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की टीम ने इसकी तैयारी कर ली है और इसके लिए वाररूम बनाया गया है। यहां से लगातार निगरानी रखी जाएगी। श्री नवीन ने बताया, छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार ने 8-9 महीने में ही सरकारी योजनाओं में बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ा, जिससे लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने को तैयार हैं। हमें सदस्यता अभियान के माध्यम से सबको जोड़ना है। उन्होंने कहा, पिछले सदस्यता अभियान में पार्टी द्वारा रखे गए लक्ष्य से ज्यादा लक्ष्य हमने प्राप्त किया था। पिछले सदस्यता अभियान में 10 करोड़ का लक्ष्य रखा था और हमने 11 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त किया। फिर हमने दोबारा सदस्यता अभियान चलाया, जिसमें 18 करोड़ लोग भाजपा के सदस्य बने। अब सदस्यता अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत होने जा रही है, जिसमें हमने 10 करोड़ का लक्ष्य रखा है और उस लक्ष्य को हम अवश्य प्राप्त करेंगे।

### 6 से बूथों में भाजपा झोंकेगी पूरी ताकत




### सांसद-विधायकों के लिए लक्ष्य

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा, छत्तीसगढ़ में 33 लाख सदस्य हैं, इससे ज्यादा सदस्य बनाए जाएंगे। सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है, वहीं विधायकों को 10-10 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी बूथों में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है और पार्टी द्वारा जो लक्ष्य दिया गया है, वह लक्ष्य हम निश्चित रूप से प्राप्त करेंगे।

### कार्यक्रम एक दिन आगे बढ़ा : अनुराग

सदस्यता अभियान समिति के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने बताया, सदस्यता अभियान का कार्यक्रम अब 1 सितंबर के स्थान पर अब 2 सितंबर से प्रारंभ होगा। पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदस्यता लेंगे। इसके अगले दिन 3 सितंबर को प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सदस्यता दिलाएंगे। 4 सितंबर को प्रदेश के मंत्री जिलों में सदस्यता अभियान का प्रारंभ करेंगे। 5 सितंबर को मंडलों और 6 सितंबर से सभी नेता और कार्यकर्ता युद्धस्तर पर बूथों में उतरेंगे और सदस्य बनाने का काम करेंगे।

### ये रहे उपस्थित

वाररूम के उद्घाटन अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, मुरलीधर मोहोल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, मंत्री केदार कश्यप, सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंहदेव, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, सौरभ सिंह, अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, अमरजीत सिंह छाबड़ा, उमेश घोरमोड़े, अमित मैशरी, सोमेश पांडेय, मितुल कोठारी, संदीप उपाकर, आदित्य कुरील, सौरभ कोतू, लोकेश पवार सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

# पालनार कैम्प के 31 युवाओं ने की गृहमंत्री शाह से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माओवादी आतंक से प्रभावित बीजापुर जिले के पालनार कैम्प के आसपास के 5 गांवों के 31 युवाओं ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नवा रायपुर में मुलाकात की। इनमें से कई युवा पहली बार बीजापुर से निकलकर राजधानी रायपुर आए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा एवं वन मंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित थे।

- बीजापुर जिले के कई युवाओं ने पहली बार देखी राजधानी

केंद्रीय गृहमंत्री ने इन बच्चों से हालचाल पूछा और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इन बच्चों ने राजधानी रायपुर के भ्रमण के दौरान पुरखौती मुक्तांगन, महानदी भवन मंत्रालय, मीवान स्टील प्लांट, मैग्नेटो मॉल, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रेलवे स्टेशन का भ्रमण किया। 23 अगस्त की रात से यह युवा रायपुर पहुंचे थे। युवा कल गंगरेल बांध घूमते हुए वापस बीजापुर लौट जाएंगे।

### बीजापुर के 33 गांवों में नियद नेल्लानार योजना संचालित

गौरतलब है कि पालनार सुरक्षा कैम्प के आसपास के इन बच्चों के गांवों में नियद नेल्लानार योजना के तहत सड़क, बिजली, पानी, राशन, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी सहित सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत सुरक्षा कैम्प के पांच किलोमीटर की परिधि के गांवों में नियद नेल्लानार योजना संचालित की जा रही है। बीजापुर जिले के सुरक्षा कैम्पों के पास के 33 गांवों में नियद नेल्लानार योजना संचालित की जा रही है।

### रोजगार के नए अवसरों की दी जानकारी

बीजापुर जिला प्रशासन की पहल पर पालनार कैम्प के पास के इन गांवों के बच्चों को राजधानी रायपुर में औद्योगिक विकास सहित रोजगार के क्षेत्र में नए नए अवसर एवं विकास की सभी गतिविधियों से परिचित कराया गया। इससे इन युवाओं में नए उत्साह का संचार दिख रहा है। ये युवा अब रोजगार मूलक गतिविधियों से जुड़कर अपना नया और सुंदर भविष्य बनाना चाहते हैं।

## मार्ट में चोरी, सीसीटीवी फूटेज से हुआ खुलासा

**रायपुर।** पंडरी थाना क्षेत्र में स्थित रिलायंस मार्ट में लगातार चोरी करने के आरोप में पुलिस ने मध्यप्रदेश निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल के बाद पुलिस ने उसे धर दबोचा। आरोपी ने रिलायंस स्मार्ट मार्ट में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस के मुताबिक, चोरी के आरोप में अनूपपुर निवासी राजकुमार सोनी को गिरफ्तार किया गया है। चोरी की घटना को अंजाम देने राजकुमार मार्ट के अंदर बैग लेकर जाता था। गार्ड द्वारा बैग जमा करने के लिए कहने पर वह बैग में कीमती सामान होने का झांसा देता था और बैग मार्ट के अंदर ले जाकर दैनिक उपयोग के सामान चोरी कर उसमें छिपाकर रख लेता था। साथ ही दिखावे के लिए मार्ट से सामान खरीदी करता था। इस वजह से ट्रॉली में रखे सामान की जांच होती थी, बैग की जांच नहीं की जाती थी।



## भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के 'मन की बात'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' की 113वीं कड़ी रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सुनी गई।

इस मौके पर प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, मुरलीधर मोहोल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, मंत्री केदार कश्यप, सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंहदेव, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, सौरभ सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, अमरजीत सिंह छाबड़ा, उमेश घोरमोड़े, अमित मैशरी, सोमेश पांडेय, मितुल कोठारी, संदीप उपाकर, आदित्य कुरील, सौरभ कोतू, लोकेश पवार सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।



## जन्माष्टमी पर की गौमाता की पूजा ...

**डौंडीलोहारा/बालोद।** ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम भेड़ी सु. में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गौठान में गौ माता की पूजा अर्चना पंडित सन्तोष शर्मा ने कराई। उसके बाद गौ माता को खिचड़ी खिलाकर ग्रामवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान गांव प्रमुख निजाम सिंह ठाकुर कोषाध्यक्ष, हेमलाल ठाकुर शिक्षक, सरपंच देवानंद भुआर्य ,लक्ष्मण भसिया, महराज सन्तोष शर्मा, चैनुराम भुआर्य ,तोमन देवांगन, घुरवा पिस्दा, हुकुम सिंह,जोगीराम एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।





# निगम की सामान्य सभा सितंबर में, हंगामे के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चार माह के इंतजार के बाद रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगी। महापौर एजाज ढेबर की परिषद की यह अंतिम सामान्य सभा हंगामेदार होने के आसार हैं। जनहित के मुद्दों पर शहरी सरकार को घेरने भाजपा पार्षद नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में रणनीति बनाने की तैयारी में है। सभापति प्रमोद दुबे ने सचिवालय के अधिकारियों को सामान्य सभा के पहले एक घंटे के प्रश्नकाल के लिए पार्षदों से प्रश्न मंगाने आदेश जारी कर दिया है। नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे और उपनेता मनोज वर्मा द्वारा हाल ही में गांधी सदन में सभापति प्रमोद दुबे को नगर निगम की सामान्य सभा बुलाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें नगर निगम की सामान्य सभा जल्द बुलाने की मांग की गई। नेता प्रतिपक्ष ने सभापति को सौंपे पत्र ज्ञापन में ध्यान आकर्षित कराया कि शहर में पेयजल संकट, सड़कों पर गड्ढे, आवारा कुत्तों का खौफ और ठप पड़े विकास कार्यों जैसे जनहित के मुद्दों को लेकर सामान्य सभा कराई जाए। सभापति ने उन्हें आश्वस्त कराया कि जल्द से जल्द सामान्य सभा की बैठक बुलाई जाएगी। इसी परिप्रेक्ष्य में सभापति प्रमोद दुबे ने सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में निगम की सामान्य सभा बुलाने का निर्णय लिया। सितंबर माह में होने वाली सामान्य सभा की शुरुआत में एक घंटे का प्रश्नकाल होगा, जिसमें पार्षदों द्वारा जनहित से जुड़े चुनिंदा प्रश्नों के जवाब सदन में संबंधित विषय के भारसाधक सदस्य को देने होंगे। इसके लिए नगर निगम सचिवालय को पार्षदों से प्रश्न मंगाने नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे ने आदेश जारी कर दिया है।





# राजधानी की दर्जनों सड़कें बदहाल, गड्ढों के बीच हिचकोले खा रहे वाहन, पैदल चलना भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी और उससे लगे आउटर के वार्डों की दर्जनभर से ज्यादा सड़कों की हालत बेहद खराब है। जगह-जगह गड्ढों के कारण वाहन चालकों को जहां खासी परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं राहगीरों, स्कूली बच्चों और रहवासियों को उबड़-खाबड़ मार्ग पर कीचड़ और गड्ढों में जमा गंदे पानी से होकर गंतव्य तक आना-पाना पड़ रहा है। पचपेड़ी नाका चौक, रिंगरोड नंबर-1 की सर्विस लाइन, रायपुरा चौक से सरोना बाइपास मार्ग और संतोषी नगर के दोनों तरफ के सर्विस रोड की हालत और भी बेहद खराब है। इससे आए दिन दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है। शहर में अमृत मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने, अंडरग्राउंड केबल के लिए सड़क खुदाई करने के कारण प्रमुख मार्ग और शहर के अंदरूनी इलाकों की सड़कों की हालत खस्ता है। आधे-अधूरे रेस्टोरेशन के कारण बारिश में जगह-जगह गड्ढे होने और डामर की परत उखड़ने से बजरी गिट्टी सड़क पर बिखरकर बाहर आ गई है।

- बारिश में जगह-जगह उखड़ गई डामर की परत, बिखर रही बजरी, दुर्घटना का अंदेशा



### गोलबाजार की गलियों में पैदल चलना मुश्किल

*गोलबाजार में पाइपलाइन बिछाने सड़क व गलियों में खुदाई के बाद सही तरीके से रेस्टोरेशन कार्य नहीं कराने से जगह-जगह गंदा पानी भरा हुआ है। तंग गलियों से बाजार में आने-जाने वालों को परेशानी हो रही है। त्योहारी सीजन में यहां गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। मटका लाइन, अनाज लाइन, दोना पत्तल लाइन में कमोबेश यही स्थिति है।*

### प्रियदर्शिनी नगर अंडरब्रिज के पास

*प्रियदर्शिनी नगर के पास अंडरब्रिज पर मुख्य मार्ग वाली सड़क पर पानी भरा हुआ है। कीचड़ और उखड़ी हुई गिट्टी के बीच लोगों को आने-जाने में बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है।*

## खबर संक्षेप



### देवेंद्र की गिरफ्तारी से एनएसयूआई कार्यकर्ताओं में भारी रोष : सोनू

दुर्ग। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया है। इससे लेकर पूरे प्रदेश भर के कांग्रेस युवा कांग्रेस एनएसयूआई में आक्रोश है। विधायक देवेंद्र यादव को जल्द रिहा करने की मांग को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नेतृत्व में शनिवार को कलेक्टोरेट का घेराव करने पहुंचे। इस दौरान दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण और भिलाई जिला कांग्रेस कार्यकर्ता ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर कार्यकर्ताओं ने राज्य की भाजपा सरकार को जमकर कोसा और नारेबाजी की। इस दौरान पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि कहा कि प्रदेश सरकार अपने नाकामी को छिपाने की कोशिश में हमारे विधायक को दोषी बता रही है। लेकिन एक सबूत भी पेश नहीं कर पा रही है। सोनू साहू ने बताया की पहले विधायक देवेंद्र यादव को नोटिस दिए पूछताछ करने के नाम पर उन्हें गिरफ्तार करके ले गए उन्हे पुलिस घर में जाकर गिरफ्तार कर रही है रातों रात जेल डाल दिए। इस दौरान रवि साहू, बॉबी गिल, तुषार कुमार, राज देवांगन, जलालुद्दीन, जतिन ठाकुर, आर्य युवा कांग्रेस से गोल्डी कोसरे आदि उपस्थित थे।

### शशांक को मिली पीएचडी की उपाधि

दुर्ग। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा शोधार्थी ए शशांक राव को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। शोधार्थी का शोध विषय रायपुर संभाग में किन्नरों की आर्थिक स्थिति का विश्लेषणात्मक अध्ययन पर केंद्रित है। शोधार्थी शासकीय महाविद्यालय नगपुरा में वाणिज्य विषय में पदस्थ हैं। उनके शोध निर्देशक डॉ हंसा शुक्ला, प्राचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती कालेज हुडको एवं सह शोध निर्देशक डॉ रवीश कुमार सोनी, डॉ ए शशांक राव को यह उपाधि विवि की दीक्षांत समारोह में राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सानिध्य में प्राप्त हुआ।

### माताओं ने दिनभर व्रत रखकर की कमरछठ पूजा

दुर्ग। न्यू आदर्श नगर क्षेत्र में संतान की सुख-समृद्धि की कामना का पर्व हलषष्ठी खमरछठ शनिवार को श्रद्धाउल्लास से मनाया गया। माताओं ने अपनी संतान की लंबी आयु और खुशहाली के लिए विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा में बिना हल जोते उगने वाले फसल पसहर चावल और छह प्रकार की भाजियों का भोग लगाया गया। पूजा के पश्चात महिलाओं ने पसहर चावल को पकाकर खाया और व्रत का पारण किया। शहर के न्यू आदर्श नगर जोन 3 मार्ग 8 एवं मीनाक्षी नगर, पोटिया कला, आदर्श नगर समेत अनेक जगहों पर महिलाओं ने पूजा की। इसके अलावा मंदिरों में इस दौरान महिलाएं पूजा करने के लिए पहुंची थीं। इसके बाद विधिवत भगवान गणेश, शंकर, माता पार्वती, छठ माता की पूजा करके पसहर चावल के व्यंजन का भोग लगाया।

### भूपेश बौखलाहट में दे रहे बयान भिलाईयंस माफ नहीं करेंगे: रिकेश

भिलाई नगर। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ओछी राजनीति पर उतर आए हैं, उन्होंने भिलाई के एक नामी स्कूल में कथित घटना को लेकर सार्वजनिक मंच से बयानबाजी की तथा इस मामले को लेकर दुर्ग के एसपी को खुलेआम गुंडा कहा है जो कि उनके जैसे वरिष्ठ नेता को शोभा नहीं देता। उक्त बातें आज प्रेसवार्ता में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कही हैं। श्री सेन ने कहा कि स्कूल में बच्ची के साथ कथित यौन उत्पीड़न की घटना का यदि भूपेश बघेल के पास कोई ठोस आधार या सबूत है तो उन्हें सार्वजनिक करना चाहिए तथा स्कूल का नाम लेकर पीड़ित परिवार एवं उसकी बच्ची को न्याय दिलाने के लिए सामने आना चाहिए। बिना साक्ष्य के राजनीतिक मंच से स्कूल का बिना नाम लिए गोल मोल शब्दों में बातें करने से स्पष्ट है कि भूपेश बघेल यह सब अपनी राजनीति चमकाने के लिए कर रहे हैं।

## तमोरा सुर्रा में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

गुरूर। कोसरिया यादव समाज ग्राम तमोरा सुर्रा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। जहां सुबह कलश शोभायात्रा जय शीतला अखाड़ा दल झोफरा की प्रस्तुत हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा थीं, अध्यक्षता सदस्य जनपद पंचायत बालोद गिरधर चन्द्राकर ने की।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कोसरिया यादव समाज बालोद चन्द्रहास यादव, सचिव जिला कोसरिया यादव समाज बालोद रूपराम यादव, संरक्षक कोसरिया यादव समाज बालोद बन्नूराम यादव, सरपंच



यादव समाज पाली नागाडबरी गोपाल यादव, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति तमोरा डोमार राम साहू, कोषाध्यक्ष ग्राम विकास समिति तमोरा डोमार



अठभैया, सरपंच ग्राम पंचायत तमोरा अजय निशाद, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत तमोरा फलिता पटेल, भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत तमोरा



अगरसिंह गजीर, कोषाध्यक्ष सर्किल यादव समाज बालोद बलरात यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्थापना दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम, प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

# सशिमं में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से बच्चों ने मोहा सबका मन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

अंचल में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर अपने 34 वां स्थापना दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी 26 अगस्त को बहुमान समारोह आयोजित कर आचार्यों, दीदियों, प्रतिभा शाली छात्र छात्राओं, गायक-गायिका, विद्यार्थियों व अतिथियों का बहुमान उपहार भेंट कर किया गया। वहीं, इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया।

बहुमान समारोह में पूर्व छात्र हर्ष चोरडिया सुरपा ने अपने पिता प्रमोद जैन समिति सदस्य व परिजन से सहमति प्राप्त कर अपने दादाजी संस्कार दाता सेठ संपतलाल चोरड़िया सुरपा के स्मरणार्थ विद्यालय के उतरोत्तर विकास के लिए 71 हजार रुपए का दान दिए। विद्यालय परिवार ने दान दाता को अतिथि मंच पर विराजमान कर उपहार भेंट करते सम्मान किए।



बहुमान समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व खेलकूद युवा कल्याण आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा थे, अध्यक्षता सरस्वती शिक्षा संस्थान संगठन मंत्री डा देवनारायण साहू ने की। बहुमान समारोह अतिथि मंच में संघ के अक्षय श्रीवास्तव, भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, दानदाता प्रमोद, छाया हर्ष चोरडिया मंचासिन रहे। एसडीएम लवकेश ध्रुव, पुलिस एसडीओ आशीष बंछोर, तहसीलदार मीना साहू, अतिरिक्त तहसीलदार ममता टावरी, टीआई लोकनिर्माण जेई ढिढ़ी, अंबिका प्रसाद ध्रुव स्टाफ सहित, संकुल समन्वयक रूपेश साहू, कुम्हली हेडमास्टर सीएल साहू उपस्थित रहे। प्रादेशिक संगठन मंत्री डा देवनारायण साहू ने कहा कि निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज के सहयोग से समाज के लिए कार्य करने समर्पित भाव लगन के साथ जब कोई नेतृत्व करते है तब सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर जैसा विद्यालय समाज के सामने एक असाधारण उदाहरण बन कर प्रेरणा देने लगता है। कार्यक्रम में दुर्ग विद्यालय से नरसिंगभूतड़ा पूनम जैन सुराना, समिति कोषाध्यक्ष बसंत शिंदे, देवनारायण साहू, डा केएस देवांगन, श्यामलाल चंद्राकर, डा गुलाब साहू, जोगीराम साहू, प्रेमचंद जैन, सरपंच राजकुमार ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, शासकीय कालेज जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश केला, पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन, मनीष जैन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मंत्री टंकराम ने की एक लाख प्रदान करने की घोषणा

मुख्यातिथि प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने विद्यालय के सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रबंधन के लिए 1 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में 33 वर्षों से संस्कारित शिक्षा की गंगा बहा रही है। उन्होंने कहा कि कम शुल्क में बेहतरीन संस्कारित शिक्षा प्राप्त कर इस विद्यालय के बच्चे डाक्टर इंजीनियर सीए सेना उम्दा व्यापारी सहित शासकीय अशासकीय विभिन्न पदों पर आसीन होकर माता पिता गुरु को गौरवान्वित कर रहे हैं।


### इनका हुआ बहुमान

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के आचार्य पवन बंछोर को सेवानिवृत्त होने पर सम्मान विदाई दी गई। उन्हें स्मृति चिन्ह एवं उपहार प्रदान किया गया। दानदाता हर्ष प्रमोद जैन को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सन 2024 में द्वादश उत्तीर्ण विद्यार्थियों को कक्षा अरुण से द्वादश तक परीक्षा परिणाम अंकित मोमेंटो भेंट कर विदाई दी गई। इसी तरह कक्षा अरुण से द्वादश तक कक्षा में प्रथम आए बच्चों, गायक गायिका विद्यार्थियों तथा सभी आचार्य व दीदियों एवं अतिथियों का सम्मान किया गया।









### नारागांव व करहीभदर सांकरा के स्कूलों में मनाई गई जन्माष्टमी

बालोद। जिले के ग्राम नारागांव व करहीभदर, सांकरा के स्कूलों में जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। जहां स्कूलों में प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। मटकी सजाओ से लेकर राधा कृष्ण की साज सज्जा को प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## अंजोरा हाईस्कूल में हुई निबंध स्पर्धा रेशमा को मिला पहला पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अंजोरा (ख) दुर्ग में टाटा बिल्डिंग इंडिया द्वारा स्मार्ट भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान रेशमा साहू कक्षा 11वी, द्वितीय स्थान पायल यादव कक्षा 11वीं तथा तृतीय स्थान विक्की देशमुख कक्षा 12वीं ने प्राप्त किया।

प्रभारी शिक्षक शिवनारायण देवांगन व्याख्याता जीवविज्ञान ने बताया कि इस निबंध प्रतियोगिता में बहुत से विद्यार्थियों ने जिसमें कक्षा 12वीं से भारती साहू, माधव राम साहू, सुरभि साहू, रूपाली साहू, करूणा साहू, रेणुका सिन्हा, अंजली सिंह कक्षा 11वीं से तेजस्वी साहू, गौरी कुशवाहा, नेहा साहू, दानेश्वर साहू, सुनीता साहू, सुबंध, विकास कक्षा 9वीं से सेजल साहू, साक्षी निषाद, भूपेंद्र सेन, दौलत साहू, करूणा निषाद, चंचल साहू, जया देशमुख, गुंजल यादव, सोनिया साहू, यागिनी साहू, प्रिया साहू आदि का निबंध भी बहुत ही सराहनीय रहा। शाला के प्राचार्य होरीलाल चतुर्वेदी ने सभी को बधाई देते हुए कहा आप सभी इसी तरह निरंतर हर गतिविधियों में भाग लेकर अपना एवं शाला का नाम रोशन करते रहना। इस अवसर पर व्याख्याता शिवनारायण देवांगन आस, खुशबू जैमिनी, ममता देवांगन, सरस्वती श्रीवास्तव, अंजुलता त्रिपाठी, उमा राठौड़, मनोज कुमार गुप्ता, शारदा साहू, भिनेश्वरी साहू, व्यायाम शिक्षक सुभाषिनी ऐलन, सहा.शिक्षक विज्ञान अभिलाषा साहू, मीना रावटे, आकाश दुबे, स्टाफ फगनी निषाद, स्वाती शर्मा व चमेली साहू आदि उपस्थित रहे।

## नगरीय निकाय के अधिकारी-कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष बने गोविंद



डौंडीलोहारा। नगरीय निकाय के नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के सदस्यों ने 24 अगस्त को जिला कार्यकारिणी का गठन किया। इसमें सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष गोविंद साहू नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा को प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी की उपस्थिति में चुना गया। जिलाध्यक्ष ने संघ का विस्तार करते हुए दिलीप कंसारी नगर पंचायत गुरूर, जिला उपाध्यक्ष, पूर्णानंद आर्य नगर पालिका परिषद बालोद जिला महामंत्री, पंकज चंद्राकर जिला कोषाध्यक्ष एवं राकेश साहू को जिला मीडिया प्रभारी चुना गया। कार्यक्रम में जिले के सभी निकायों से कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित हुए। संघ के उपस्थित सदस्यों द्वारा कर्मचारी हित में आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई और यह तय किया गया कि नगरी निकाय के कर्मचारियों के हितो की रक्षा करना एवं संघ की महत्वपूर्ण मांग छह बिंदुओं पर सफलता हासिल करना संघ का प्राथमिक उद्देश्य होगा। उक्त कार्यक्रम में जिला बालोद के अंतर्गत आने वाले नगरीय निकाय बालोद, दल्लीराजहरा, डौडीलोहारा, गुरुर, चिखलाकसा एवं डौंडी के कर्मचारी उपस्थित थे।

## तीज करीब आते ही बढ़ा करेले का भाव



लाटाबोड़। हरतालिका तीज पर्व को अभी 10 दिन बचे हैं, लेकिन उससे पहले ही सलाद वाली सब्जियां खासकर खीरा, ककड़ी और गाजर के दाम दो से तीन गुना ज्यादा बढ़ा दिए गए है फलों के दाम भी पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गए हैं।

तीज का व्रत महिलाओं के लिए काफी कठिन होता है। व्रत में पूरे दिन पानी न पीने की वजह से महिलाओं को कमजोरी महसूस होती है। इसलिए हरतालिका तीज व्रत की शुरुआत सूर्योदय से पहले की करते हैं। यही वजह है कि महिलाएं व्रत के पहले सबसे ज्यादा खीरा खाना पसंद करती हैं, ताकि उनके शरीर में पानी की मात्रा बनी रहे और उनका व्रत आसानी से पूरा हो जाए। लेकिन, तीज के नजदीक आते ही करेला के भाव आसमान छूने लगा है। सोमवार को लाटाबोड़ के साप्ताहिक बाजार में 20 रुपए किलो मिलने वाला करेला 60 रुपए किलो बिका। वहीं, तोरई की कीमत 40 रुपए हो गई है, जबकि पिछले हफ 20 रूपये किलो थी। वहीं, बरबट्टी 30 तो कहीं 40 रुपए किलो है।

## पेज 11 के शेष

### सुविधाओं की मांग को लेकर ...

लगभग 70 साल पहले बीएसपी (भिलाई स्टील प्लांट) ने यहां के खदानों का लीज़ लेकर खनन शुरू किया था, जिससे यह शहर औद्योगिक गतिविधियों का केंद्र बन गया। बीएसपी ने यहां के नागरिकों के लिए विभिन्न सुविधाओं की व्यवस्था की, जैसे कि स्कूल, अस्पताल, बिजली, और पानी की आपूर्ति। लेकिन समय के साथ, इन सुविधाओं को धीरे-धीरे छीन लिया गया, जिससे शहर की जनसंख्या और समृद्धि में गिरावट आई है। केंद्र सरकार द्वारा 2015 में लागू किए गए रॉयल्टी कानून के तहत जिला खनिज फंड की राशि का 60% प्रभावित क्षेत्रों में खर्च करने का प्रावधान किया गया था। लेकिन इस राशि का उचित उपयोग दल्लीराजहरा और इसके आसपास के इलाकों में नहीं किया गया है, जिसके कारण यहाँ के निवासियों को मूलभूत सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

### कई बार हुए आंदोलन ...

यह आंदोलन दल्लीराजहरा के निवासियों की समस्याओं को हल करने और उन्हें उनके अधिकार दिलाने की दिशा में एक और प्रयास है।

### साथ बैठकर पी शराब...

पोस्टमैन के घर वालों ने जब घर में लाश देखी तब ग्रामीणों को सूचना दी, उसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। वहीं, सुबह पहुंची के पहुंचने के बाद आरोपी वहां से बाहर निकला। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ जांच की और मौके पर मौजूद आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की और उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू (हथियार) जब्त किया। फॉरेंसिक की टीम के अनुसार आरोपी ने मृतक के सिर, गला, छाती, पेट और गाल पर सब्जी काटने वाले चाकू से 7 से 8 वार किया है।

### जिम्मेदारों की उदासीनता ...

ग्रामीणों ने कहा कि जिले को सबसे अधिक रॉयल्टी देने वाले डौंडी ब्लॉक के चिहरो जैसी कई अंदरूनी पंचायतें और गांव है जो आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी अपनी मर्जी से आते हैं और अपनी मर्जी से काम करते है। गांव की गलियों में दवाइयों का छिड़काव नहीं हो रहा है, बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है और प्रशासन सो रहा है। शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है। समूह द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान में गीता गावड़े, हेमिन मंडावी, मथुरा मांडवी, रामबाई सलाम, भोजेश्वरी मंडावी, शांता गावड़े, सोहबत मंडावी सहित कई महिलाओं ने अपना योगदान दिया।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### श्री कृष्ण की वेशभूषा में नजर आए बच्चे

**बालोद।** सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी पर लोगों ने अपने अपने नन्हें बच्चों को भगवान श्री कृष्ण व राधा की स्वरूप वेशभूषा पहनाकर कई आकर्षक तस्वीरें सोशल मीडिया में शेयर की। उन्होंने श्री कृष्णजन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।

### गली-गली में गूंजा हाथी-घोड़ा पालकी



**बालोद।** जिला मुख्यालय से लेकर ब्लाक मुख्यालयों व ग्रामीण क्षेत्रों में भी हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की कि गूंज सुनाई दी। कृष्ण भक्तों ने जगह जगह भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया। दही हांडी फोड़ कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें नन्हें बच्चों से लेकर युवा भी भारी उत्साह के साथ उसमें शामिल हुए। शहर के पाण्डेपारा स्थित कलामंच में दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता शुरू हो चुकी है। देर रात तक कार्यक्रम का समापन होगा और कार्यक्रम में भाग लेने वाले मंडलियों को पुरस्कृत कर दही हांडी फोड़ का कार्यक्रम भी किया जाएगा। सोमवार को कृष्णजन्माष्टमी के अवसर पर लोग अपने नन्हें बच्चों को भगवान श्री कृष्ण व राधा की वेशभूषा में तैयार किए थे वहीं घरों में भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की।

### साहू समाज की महिला उपाध्यक्ष बनीं इंद्रावती

**लाटाबोड़।** रविवार को लाटाबोड़ परिक्षेत्र साहू भवन में साहू समाज की बैठक हुई। बैठक में इंद्रावती साहू को महिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि समाज के उत्थान के लिए जागरूकता शिविर प्रत्येक ग्राम में लगाया जाएगा। बैठक में 17 गांव के साहू समाज के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे । इस दौरान परिक्षेत्रीय अध्यक्ष गंगा प्रसाद साहू उपाध्यक्ष सुरेश साहू दिनेश साहू रूपराम साहू चेतन साहू धरमसिंह डोमार कुवर अरुण साहू भागवत मूलचंद आत्माराम सविता कल्याणी चुम्मन साहू और समस्त ग्रामीण अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने खिलावन

**बालोद।** शासकीय हाई स्कूल



जमरूवा के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खिलावन राम देवांगन को बनाया गया। इस मौके पर खिलावन देवांगन ने कहा कि शाला परिवार के सभी सदस्यों के साथ मिलकर शाला के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहें, ताकि शाला का नाम रोशन हो।

# लखपति दीदियों की आय बढ़ाने माइक्रो लेवल पर बनाएं कार्ययोजना : डॉ कन्नौजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की समीक्षा की। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी योजना लखपति दीदी कार्यक्रम को लेकर कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

डॉ. कन्नौजे ने विभागीय योजनाओं के अभिसरण से परिवारों के आय बढ़ाने के लिए माइक्रो लेवल पर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके लिए पूर्व से संचालित गतिविधियों पर फोकस करने पर बल दिया गया। संभावित लखपति दीदियों को मत्स्य पालन के लिए मत्स्य विभाग के सहायक संचालक एवं मत्स्य निरीक्षक को उपलब्ध निजी डबरियों एवं स्व–सहायता समूह द्वारा लीज में लिये गये तालाबों में विभागीय योजना से मछली बीज प्रदाय करने, विधिवत प्रशिक्षण एवं हितग्राहियों के एक्सपोजर विजिट करने तथा सतत तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने निर्देशित किया गया जिससे गतिविधियों में महिलाओं की दक्षता बढ़े एवं मत्स्य पालन को एक स्थायी आय अर्जन का साधन ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा सके। साथ ही क्लस्टर स्तरीय संगठनों के माध्यम से मछली बीज उत्पादन हेतु हेचरी का निर्माण कराने कार्ययोजना तैयार किये जाने निर्देशित किया गया।

## जिला पंचायत सीईओ ने की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की समीक्षा




### तकनीकी प्रशिक्षण पर दें विशेष ध्यान

डॉ. कन्नौजे ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं के साथ–साथ तकनीकी प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिए जाने को कहा। कुक्कुट एवं मवेशियों की प्रमुख बीमारियों, स्थानीय उपचार, बेहतर आहार, समय–सीमा में टीकाकरण के माध्यम से इसे और लाभप्रद बनाने को कहा। इसी प्रकार लखपति दीदी पहल के लिए सब्जी बाड़ी, किचन गार्डन को भी प्राथमिकता से लिये जाने पर बल देते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, पशु पालन विभाग के जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी, एनआरएलएम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बैठक : सीईओ डॉ कन्नौजे की उपस्थिति में जिले की लखपति दीदियों ने बताए अनुभव

# जिपं सभाकक्ष में देखा गया लखपति दीदी सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण






हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के जलगाँव में आयोजित कार्यक्रम में लखपति दीदियों का सम्मान किया। कार्यक्रम के सीधे प्रसारण का प्रदर्शन जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे की उपस्थिति में आयोजित जिला पंचायत के सभाकक्ष में उपस्थित जिले की लखपति दीदियों और अन्य उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा। इस अवसर पर जिले की लखपति दीदियों ने अपने अनुभव साझा कर अपनी उपलब्धियों की जानकारी दी।

सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने सभी लखपति दीदियों से उनके द्वारा संचालित गतिविधियों एवं लखपति बनने तक के सफर के सम्बन्ध में चर्चा की। इसके साथ ही उन्हें उनकी गतिविधियों को आगे विस्तार देने को लेकर मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर उन्होंने जिले की उत्कृष्ट लखपति दीदियों को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने कहा कि प्रत्येक गतिविधियों यथा बकरी पालन, फैंसी स्टोर्स, ब्यूटी पार्लर आदि के माध्यम से आय को नियमित रूप से बढ़ाने के लिए एसएचजी बैंक क्रेडिट लिंकेज, सामुदायिक निवेश कोष के अतिरिक्त अनुदान मूलक योजना यथा अंत्यावसायी स्वरोजगार योजना, खादी ग्रामोद्योग, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का लाभ लेने प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने लखपति दीदियों को बधाई देते हुए अन्य महिलाओं को भी विभिन्न आयमूलक गतिविधियों से जोड़ने एवं प्रत्येक ग्राम में कम से कम 10 लखपति दीदी बनाये जाने के लिए प्रेरित भी किया।

### आगामी 2 साल में 16895 परिवारों को लखपति श्रेणी में लाने का लक्ष्य

डॉ. कन्नौजे ने बताया कि जिले को आगामी 2 वर्षों में 16895 परिवारों को लखपति श्रेणी में लाए जाने का लक्ष्य मिला है। इनमें से 4088 वित्तीय वर्ष 2024–25 में किया जाना है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग के साथ मिलकर परिवारवार कार्ययोजना बनाकर प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में 100 दिवस कैंपेन के तहत ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय 80 से 99 हजार के बीच थी, उन्हें टारगेट करते हुए 884 परिवारों को लखपति की श्रेणी में लाया जा चुका है। इसी प्रकार अगले क्रम में 60 से 80 हजार वार्षिक आय को टारगेट किया जायेगा। इसके लिए 04 श्रेणियों में सर्वे कर इनकम स्लैब बनाया गया है।

### शीतला पारा में श्रद्धा के साथ मनाया गया हलषष्ठी पर्व



**जामगांव आर।** शीतला पारा में कमरछठ पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माताओं ने अपने-अपने बाल गोपाल के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना के साथ व्रत रखकर पूजा अर्चना की और कथा श्रवण किया। गांव के पुरोहित मुकेश शुक्ला ने पूजा करवाकर कथा वाचन किया। पूजा स्थल पर मीरा चंद्राकर, नंदनी साहू, ममता साहू, पिंकी शुक्ला, परमेश्वरी साहू, भान्मति साहू, योगेश्वरी साहू, सोनल चंद्राकर, प्रीतम चंद्राकर, संतोषी वाग सहित बड़ी संख्या में माताएं उपस्थित थीं।

### विधायक देवेंद्र की गिरफ्तारी का युकां ने किया विरोध




**बालोद।** जिला युवा कांग्रेस ने राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बलौदाबाजार प्रकरण में कांग्रेस के निर्वाचित विधायक सहित कई अन्य पदाधिकारियों विभिन्न धाराओं पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किए जाने का विरोध किया है। कार्रवाई के विरोध में बालोद में जेल भरो आन्दोलन किया गया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दी। इस अवसर पर संजारी बालोद के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, विनोद बंटी शर्मा, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव सभी युवा साथियो से मिलने अस्थाई जेल पहुंचे। इस दौरान अध्यक्ष प्रशांत बाला, आदित्य दुबे, प्रकाश साहू, गुलशन चंद्राकर, दीपक पाल, अनुभव शर्मा, विक्की सिन्हा, रोशन साहू, नरेंद्र साहू, गोलू महाराज, मनीष सेन, लकी सिंह, विक्की सिंह सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिला सतनामी समाज के दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष बनाए गए संजय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

सतनामी समाज बालोद के पदाधिकारियों का चुनाव समपन्न हुआ। बालोद जिला के सभी तहसील यथा गुण्डरदेही, गुरुर, बालोद, अर्जुन्दा, डौंडीलोहारा, डौंडी के दो सौ तीस ग्रामीण अध्यक्ष व सभी तहसील अध्यक्ष सचिव, कोषाध्यक्ष और जिला संरक्षक, कोर कमेटी सदस्य, अधिकारी कर्मचारी, महिला व युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मतदाता की भूमिका का निर्वहन किये और सर्व सम्मति से निर्विरोध रुप से सभी पदों पर निर्वाचित किया गया।

जिला सतनामी समाज के इतिहास में पहली बार सभी पदाधिकारियों को एक स्वर में निर्विरोध निर्वाचित कर समाजिक एकता और समरसता भावना का संदेश दिया। इसमें जिला अध्यक्ष संजय बारले को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। सचिव संतराम बंजारे, महासचिव संजय कुमार जोशी, उपाध्यक्ष गोपाल दास बंजारे, कोषाध्यक्ष गोवर्द्धन बारले, संगठन सचिव रमेश रात्रे, महिला उपाध्यक्ष गंगा बाई, संगठन सचिव निर्मल बघेल निर्वाचित हुए।

मुख्य चुनाव आयुक्त प्रेम दास टंडन ने बताया कि जिला सतनामी समाज निर्वाचन समिति प्रमुख प्रेमदास टंडन और सहयोगी शशी बंजारे, अशवन बारले, विजय बघेल, पंडित तुलसी बारले, चंद्रकुमार देशलहरा, अशोक बारले सभी के नेतृत्व और निर्देशन से समाज के पदाधिकारियों के चुनाव हेतु नियमावली के तहत चुनाव कार्य सम्पन्न हुआ।

इसके लिए भाजपा नेत्री मालती संदीप जोशी, जिला पंचायत अध्यक्ष सोना देवी देशलहरा, तहसील अध्यक्ष गण गुण्डरदेही नीलकंठ टंडन, डौन्डी लोहारा धनेश बघेल, बालोद धनीराम बारले, डौंडी पुरषोत्तम बारले, अर्जुन्दा जीवन बंदे, गुरुर कृष्णा बंजारे, लक्ष्मी नारायण बघेल, केदारनाथ सुनहरे, दीपक बघेल, संदीप जोशी, मोहन चतुर्वेदी विजय बारले, विनय बंजारे, सुदामा गेन्ड्रे सहित लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## क्षेत्र के रेलवे लाइन और प्लेटफार्म संबंधी समस्याओं का हो निराकरण : सांसद नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुर



▪ कांकेर सांसद ने एसआरडीसीएम रायपुर को लिखा पत्र

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने एसआरडीसीएम रायपुर को आगामी दिनों में होने वाले रेलवे बोर्ड के एमपी मीटिंग के लिए क्षेत्र के रेलवे लाइन एवं प्लेटफार्म से संबंधित समस्याओं के निराकरण के संबंध में पत्र लिखा है।

सांसद ने क्षेत्र के बालोद एवं कांकेर जिले के भानुप्रतातपुर, अंतागढ़ के रेलवे से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने को कहा है। साथ ही बहुप्रतीक्षित धमतरी तक आने वाली नेरोगेज लाइन का विस्तार कर कांकेर तक करते हुए उसे जगदलपुर–कांकेर–रायपुर करने की बात रखी। भोजराज नाग ने अपने पत्र में कहा है बालोद जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन में दूसरी प्लेटफार्म बनाई जाए। वर्तमान में रायपुर से अंतागढ़ चलने वाली ट्रेन दूसरे प्लेट फार्म की पटरी पर रूकती है, जहां प्लेट फार्म है ही नहीं, जो ट्रेन की सीढ़ी से लगभग 2 फीट नीचे है। इसके कारण महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों को चढ़ने और उतरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जब तक दूसरे प्लेटफार्म का निर्माण नहीं हो पाता है तब तक रायपुर से अंतागढ़ वाली ट्रेन की क्रासिंग लाटाबोड़ या कुसुमकसा स्टेशन पर की जाए, जिससे दूसरे प्लेटफार्म पर यात्रियों को जाने की असुविधा से बचाव हो सके। इसके साथ ही जल्द ही अतिरिक्त 2 नंबर प्लेटफार्म एवं फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किए जाने को कहा है।

### लोकल ट्रेनों को अंतागढ़ तक विस्तार का सुझाव

दुर्ग से दल्लीराजहरा आने वाली लोकल ट्रेनों को भी अंतागढ़ तक बढ़ाया जाए जिससे क्षेत्र वासियों को अधिक सुविधा व विकल्प और लाभ मिल सके। ताड़ोकी से रायपुर जाने वाली ट्रेन सुबह दल्लीराजहरा से ताड़ोकी तक खाली जाती है, दल्लीराजहरा से ताड़ोकी जाने के समय भी यात्रियों के लिए उस गाड़ी का नियोजन किया जाए। भानुप्रतापुर शहर से रेलवे स्टेशन तक जाने के लिए वर्तमान मार्ग बहुत उपयुक्त नहीं है। अतः रेलवे ओवरब्रिज भानुप्रतापुर, संबलपुर मुख्यमार्ग से सीधे रेलवे स्टेशन तक जाने के लिए मार्ग होना चाहिए। इससे रेलवे का लाभ सुगमता से लिया जा सके, इस पर जो भी तकनीकी दिक्कत है, उसका समाधान किया जाए।

### स्टेशन पर प्रसाधन कक्ष को बनाएं सुविधाजनक

विगत वर्षों से अमृत भारत स्टेशन का कार्य प्रगति पर है, जिसके कारण महिलाओं के प्रसाधन कक्ष नहीं होने से उन्हें भी तकलीफों का सामना करना पड़ता है। स्टेशन से बाहर महिला एवं पुरूष प्रसाधन कक्ष बनाया गया है जो निर्माण के बाद से उपयोग में नहीं है। अतः इसे यात्रियों के उपयोग के लिए सुविधा जनक बनाया जाए।

### ट्रेन में बोगी बढ़ाना आवश्यक

अंतागढ़ से रायपुर चलने वाली ट्रेन में बोगी की संख्या भी बढ़ाया जाना अत्यंत जरूरी है। अंतागढ़ से चलने वाली ट्रेन मे बालोद, गुण्डरदेही से चढ़ने वाले यात्रियों को जगह नहीं मिल पाती और उन्हें आगे का सफर खड़े खड़े ही करना पड़ता है। इससे महिलाओं और बुजुर्गों को बहुत ही दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वहीं महिलाओं के लिए आरक्षित बोगी में पुरूष चढ़ जाते हैं, जिस पर रेलवे पुलिस का कोई अंकुश नहीं है। सांसद श्री नाग ने कहा कि सभी स्टेशनों पर इसकी भी जांच होनी चाहिए।



## नेवारीकला में राधा-कृष्ण की प्रतिमा स्थापित

**बालोद।** ग्राम नेवारीकला में यादव राऊत समाज के लोगों द्वारा ग्राम के गौठान में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीकृष्ण-राधा की मूर्ति पूरे विधि विधान से स्थापित की गई। सुबह जहां समाज के लोगों ने कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें समाज की महिलाओं ने सहभागिता निभाई। जहां समाज की महिलाओं ने पीली साड़ी पहनकर सिर में कलश धारण कर मूर्ति के शोभायात्रा में पीछे चलकर ग्राम भ्रमण किया। वहीं समाज के पुरूषों ने पारंपरिक धोती कुर्ता के साथ लाठी व अन्य साज सज्जा पहनकर शोभायात्रा में ग्राम भ्रमण किया। इस दौरान



भगवान श्रीकृष्ण व राधा की मूर्ति के पीछे पीछे विभिन्न दोहा पारते गाजे बाजे की धुन पर नाचते गाते ग्राम भ्रमण किया। इस दौरान कई अन्य ग्रामीण भी नाचते गाते इसे त्यौहार की तरह मनाए। वही भगवान श्री कृष्ण व राधा के मूर्ति का ग्राम भ्रमण कराते समय कई ग्रामीण भगवान श्रीकृष्ण व राधा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिये। ग्राम भ्रमण के बाद मूर्ति को ग्राम के गौठान में नए बनाए गए मंदिर में विधि विधान से स्थापित किया गया। जहां स्थापना पूजा अर्चना के बाद समाज द्वारा प्रसादी का आयोजन किया गया।

Care With Confidence
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
.सिर दर्द (माईग्रेन)
.मिर्गी .लकवा
.ब्रेन ट्यूमर
.ब्रेन हेमरेज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

## जिला किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष बनाए गए राकेश

**बालोद।** जिला किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव बनाए गए। इस दौरान संघ के सदस्यों ने राकेश यादव से मुलाकात कर बधाई दी। संघ के सचिव किशोर नाथ योगी ने बताया कि



खेल प्रेमी राकेश यादव के संघ अध्यक्ष मनोनित होने पर खिलाड़ियों में बहुत खुशी है। कोषाध्यक्ष अजय यादव ने बताया कि वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किकबॉक्सिंग ऑर्गनाइजेशन द्वारा मान्यता प्राप्त किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ ने बालोद जिले में किकबॉक्सिंग को बढ़ावा देने और जिले के शहरी व वनांचल क्षेत्र के बच्चो को सेल्फ डिफेंस एवं देश सेवा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से जिला किकबॉक्सिंग संघ का गठन किया गया। कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रणव साहू ने बताया कि किकबॉक्सिंग भारत सरकार, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक तथा छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त है एवं छत्तीसगढ़ राज्य खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मान्यता प्राप्त खेलों की सूची में शामिल है। इस खेल से किक बॉक्सिंग के खिलाड़ियों को खेल अलंकरण, खेल पुरस्कार, डाइट मनी, प्रोत्साहन राशि जैसे खेल योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा।

चेहरे की चर्बी घटायें



चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

### बालोद की बेटियों को देंगे किकबॉक्सिंग का प्रशिक्षण : राकेश

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं संघ के अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि बेटियों की आत्मरक्षा के लिए किकबॉक्सिंग बेहद जरूरी है। शिक्षा के साथ संघ द्वारा बालिकाओं को विशेष प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा। बालोद के युवा खेल में आगे बढ़कर अपने जिले और राज्य का नाम रौशन करेंगे तो हमें बेहद खुशी होगी। इसके लिए विशेष तौर पर नेशनल मेडलिस्ट व पूर्व सैनिक किशोर नाथ योगी के द्वारा निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग – कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर – मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग – धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
02 मई से 16 मई 2024
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411